27/11/2024

आकाशवाणी ईटानगर

संसद में एक प्रमुख कारोबारी समूह के खिलाफ रिश्वतखोरी के कथित आरोपों सहित विभिन्न मुद्दों पर विपक्ष के हंगामे के बीच दोनों सदनों की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। राज्यसभा में पहले स्थगत के बाद सदन की कार्यवाही साढ़े 11 बजे शुरू हुई, तो कांग्रेस, वामपंथी दलों, डीएमके, तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी सहित विपक्षी सदस्यों का हंगामा जारी रहा और सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित करनी पडी। इससे पहले आज सवेरे सदन की कार्यवाही शुरू हुई, तो सभापति जगदीप धनखड़ ने विपक्ष की ओर से नियम 267 के अंतर्गत स्थगन नोटिस खारिज कर दिये। ये नोटिस प्रमुख कारोबारी समूह के खिलाफ रिश्वतखोरी के आरोपों, मणिपुर हिंसा और उत्तरप्रदेश के सम्भल में हिंसा के मामलों पर दिये गये थे। श्री धनखड़ ने सदस्यों से अनुरोध किया कि बहस और चर्चा का अनुकूल वातावरण बनाएं और सदन की कार्यवाही में सहयोग करें। विपक्षी सदस्यों ने शोर जारी रखा और सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई।उधर, लोकसभा में पहले स्थगन के बाद जब दोपहर 12 बजे सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, डीएमके और अन्य विपक्षी दलों के सदस्य एक प्रमुख कारोबारी समूह पर कथित रिश्वतखोरी के आरोपों और अन्य मुद्दों को लेकर नारेबाजी करते हुए सदन के बीचोंबीच आ गए। पीठासीन अधिकारी ने कई बार सदन में व्यवस्था बनाए रखने का अनुरोध किया लेकिन विपक्षी सदस्यों का विरोध जारी रहा। इसके कारण सदन को दिनभर के लिए स्थगित करना पड़ा।

0000000000000000

सरकार ने आज नई दिल्ली में बाल विवाह मुक्त भारत शीर्षक राष्ट्रीय अभियान की शुरुआत की। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य देश को बाल विवाह मुक्त राष्ट्र बनाना है। कार्यक्रम के दौरान अन्नपूर्णा देवी ने बाल विवाह मुक्त भारत पोर्टल का भी अनावरण किया। इस ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को जागरूकता बढ़ाने, बाल विवाह को रोकने और बाल विवाह की घटनाओं को दर्ज कराने के अभियान के लिए विकसित किया गया है।

0000000000000000

ईटानगर के दोनी कॉलोनी में एक निर्माण स्थल पर रिटेंशन वॉल पर काम करते समय मिट्टी में दबने से दो मजदूरों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। राजधानी पुलिस अधीक्षक रोहित राजवीर सिंह ने एक प्रेस बयान में बताया कि यह घटना मंगलवार शाम करीब चार बजे हुई। एस डी आर एफ और पुलिस कर्मियों ने बचाव अभियान शुरु कर धेकियाजुली, असम के तनेश ओरांग और दोन्यीं कॉलोनीं के जोसेफ तोपनों को जिंदा बचा लिया। दोनों घायलों को आगे के ईलाज के लिए आर के मिशन अस्पताल में भर्ती कराया गया। जबकि दो अन्य धेकियाजुली असम के निवासी जहान हमी और बिजय बाग को चार घंटे के बचाव अभियान के बाद मिट्टी के नीचे से निकाला गया और उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शवो को उनके परिजनों को सौंप दिया गया।

00000000000000000000

भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी अरुणाचल प्रदेश राज्य शाखा ने अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल के. टी परनाइक की पहल पर आज राजभवन में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी ने तोमो रिबा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विज्ञान संस्थान, रामकृष्ण मिशन अस्पताल और राजभवन डिस्पेंसरी के चिकित्सको और तकनिकी अधिकारियों के सहयोग से रक्तदान शिविर में योगदान दिया। राजभवन डिस्पेंसरी के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. जेनिफर तायेंग ने बताया कि शिविर के दौरान 104 यूनिट रक्त एकत्र किए है जिसे ट्रीम्स, नाहरलगुन और आर. के. मिशन अस्पताल, ईटानगर के ब्लड बैंको में भेज दिया गया है।

00000000000000000

ईटानगर नगर निगम के मेयर तामे फासांग ने नई दिल्ली में आयोजित 16वें वित्त आयोग के तहत महापौरो और अध्यक्षों के राष्ट्रीय सम्मेलन में राज्य का प्रतिनिधित्व किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मेयर फासांग ने ईटानगर जैसे उभरते शहरों के सामने आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डाला और आयोग से समग्र विकास सुनिश्चित करने के लिए समान संसाधन आवंटन को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। श्री फासांग ने क्षमता निर्माण में शहरी परिदृश्य को बदलने के लिए कई अभिनव विचारों का प्रस्ताव भी रखा, जिसमें नगरपालिका कर्मचारियों के कौशल को बढ़ाने और शासन तंत्र को मजबूत करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों की वकालत की।

0000000000000000000

याचुली वन्य क्षेत्र के वन अधिकारियों की टीम ने पक्षियों और वन्य जीवों के शवों के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। रेंज फॉरेस्ट अफिसर ने पिस्ताना अंचल के अंबम गांव के हेड गांव बुढ़ा से टेलीफोन पर दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा वन्यजीवों और पक्षियों के अवैध शिकार के बारे में सूचना मिलने के बाद अपनी टीम को मौके पर भेजा मौके पर पहुँचकर टीम ने दोनों व्यक्तियों से एक एयर राइफल, एयर पंप, टार्चलाईट, कास्टिंग नेट और एक स्कूटर अपने जब्त किया। दोनों के खिलाफ वन्यजीव अधिनियम 1972 की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

0000000000000000000

नाहरलगुन पुलिस ने एक महिला का बैग छीनने की घटना में कथित रुप से शामिल चार लोगों को गिरफ्तार किया है। एक प्रेस विज्ञप्ति में पुलिस ने कहा कि नाहरलगुन पुलिस स्टेशन को गत बीस नवंबर, दो हजार चौबीस को एक घटना के बारे में मौखिक शिकायत मिली, जिसमें तीन अज्ञात बदमाशों ने एक महिला के बैग को जबरन छीनकर नकदी और कीमती सामानों की तलाशी ली। शिकायत पर कारवाई करते हुए पुलिस ने जांच के दौरान बोमगे लोम्बी नामक बाईस वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया और उसके बाद तीन अन्य और लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए तीन व्यक्तियों की पहचान अठ्ठाईस वर्षीय गुची ताकिन, चौबीस वर्षीय सिमसोन तागु और सत्ताईस वर्षीय गनबहादुर राय के रुप में हुई है। नाहरलगुन के एस पी श्री मिहिन गाम्बो ने लोगों से ऐसी घटनाओं की सूचना तुरंत पुलिस को देने का आग्रह किया।

0000000000000000